दैनिक
पारिवारिक दस्तक
इंदौर-भोपाल से एक साथ प्रकाशित

इंदौर के उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए जिमी मिस्त्री के डीएलसी का इंदौर चैप्टर शुरू

इंदौर। इंदौर से नाता रखने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले दुनिया के पहले बिजनेस प्लेटफॉर्म डेला लीडर्स क्लब (डीएलसी) के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने शहर के उद्यमियों के लिए डेला ग्रुप के इंदौर चैप्टर की मंगलवार शुरुआत कि। इंदौर हमेशा मेरे बहुत करीब रहा है क्योंकि मेरी जड़ें यहीं हैं। ऐसा लगता है कि मैं डीएलसी इंदौर चैप्टर लॉन्च के साथ घर वापस आ गया हूं। शहर ने जबरदस्त विकास क्षमता दिखाई है और यह उद्यमियों और युवाओं की भूमि है। हम डीएलसी के ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर इंदौर का सह-निर्माण, सहयोग और प्रदर्शन करना चाहते हैं, जिमी मिस्त्री, संस्थापक, डीएलसी, ने कहा। डीएलसी के 6 चैप्टर न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर, बैंकॉक जैसे शहरों के साथ साथ इंदौर समेत 9 भारतीय शहरों में भी हैं। इस ग्रुप से 2200 से अधिक मेम्बेर्स जुड़े है जो दुनिया भर में अपने अपने पेशे में उचाईयों को छू रहे है।डीएलसी इंदौर चैप्टर को लिंक्डइन के सह-संस्थापक नेविल गौंट और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) रेमंड नोरोन्हा ने लांच किया। नेविल कैन यू हैंडल द ट्रुथ किताब के सह-लेखक भी है। वही लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) नोरोन्हा ने परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल (दो बार) और कई सेना मेडल और पदक प्राप्त किए हैं।